# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

## प्रथम योगात्मक आकलन : सितंबर - 2025

**विषय:हिंदी** **कक्षा:आठवीं** **अंक:40** **समय:90मिनट**

---

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार - चार विकल्प सुझाए गये हैं , उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 4 × 1 = 4**

1. 'बड़ा' का विरुद्धार्थ शब्द-
   [A] मोटा [B] पतला [C] छोटा [D] दुबला
2. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है -
   [A] छुट्टी [B] गोलियाँ [C] लाठियाँ [D] खिड़कियाँ
3. 'चंग' शब्द का पर्यायवाची शब्द है -
   [A] जहाज़ [B] रॉकेट [C] पतंग [D] नौका
4. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है -
   [A] पिता [B] पुरुष [C]बालक [D] लड़की

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 2 × 1 = 2**

5. बिल्ली : रोटी :: बंदर : ..................
6. बंगाल गजट : अंग्रेजी :: उदंत मार्तंड : ......................

**III. जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4**

| " अ " | | " ब " |
|---|---|---|
| 7. मेजर का नाम | - | त्याग और तपस्या की मूर्ति। |
| 8. गांधीजी | - | पानी बरसाना सीखा। |
| 9. भोलू की पत्नी | - | आशाराम त्यागी। |
| 10. मिट-मिटकर वारिधरों ने | - | हीरा। |
| | - | चंपा। |

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 3 × 1 = 3**

11. हमें किस पर बलि-बलि जाना चाहिए ?
12. दूध कहाँ फैल गया ?
13. शिशु ने रो-रोकर क्या सीखा है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 4 × 2 = 8**

14. अमृतसर के अस्पताल में मेजर के अंतिम शब्द क्या थे ?
15. समाचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते हैं ?
16. चंगों ने क्या सीखा और कैसे सीखा ?
17. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :
    यह चमत्कार देखने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। बेचारा भोलू भयभीत होकर किसी एक पेड़ पर छिप गया था।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 2 × 3 = 6**

18. गांधीजी पर नाटकों का क्या प्रभाव पड़ा ?
19. निम्नलिखित कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

बंदर ने देखा यह झगड़ा।
ले तराजू वह वहाँ अड़ा।।
बोला- "झगड़ा ठीक नहीं है।
बाँट के खाना, बात सही है।।"

**VII. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 1 × 4 = 4**

20. एक रहें .........................................।
....................................... रखें हम।।
हठ छोड़े, ......................................।
.............................. बलि-बलि जाएँ।।

**VIII. 21. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 × 1 = 4**

एक दिन एक किसान मेले से अपने घर लौट रहा था। उसने मेले से एक भैंस खरीदी थी। जब वह घने जंगल से होकर गुजर रहा था तब एक डाकू उसका रास्ता रोक लिया। उसके हाथ में एक मोटा सा डंडा था। वह बोला, "तुम्हारे पास जो कुछ भी है, वह सब मुझे दे दो।" किसान डर गया। उसने अपने सारे पैसे डाकू को दे दिये।

(क) किसान कहाँ से घर लौट रहा था ?
(ख) किसान ने मेले से क्या खरीदी थी ?
(ग) डाकू के हाथ में क्या था ?
(घ) किसान ने सारे पैसे को किसको दे दिये ?

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

22. कोई कारण देकर तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को छुट्टी पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने मित्र को जन्म दिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

●●●●●●●●●●●●●●●●●●●

# सरकारी हॉईस्कूल करेकट्टे, चन्नगिरी तालुका।

**प्रथम योगात्मक आकलन : सितंबर - 2025**

**विषय:हिंदी  कक्षा:आठवीं  अंक:40  समय:90मिनट**

**उत्तर पत्रिका :**

| क्र.सं. | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. 1. | C. छोटा | 1 |
| 2. | A. छुट्टी | 1 |
| 3. | C. पतंग | 1 |
| 4. | D. लड़की | 1 |
| II. 5. | तराजू | 1 |
| 6. | हिंदी | 1 |
| III. 7. | आशाराम त्यागी। | 1 |
| 8. | त्याग और तपस्या की मूर्ति। | 1 |
| 9. | हीरा। | 1 |
| 10. | पानी बरसाना सीखा। | 1 |
| IV. 11. | हमें मातृभूमि पर बलि-बलि जाना चाहिए। | 1 |
| 12. | दूध जमीन पर फैल गया। | 1 |
| 13. | शिशु ने रो-रोकर हँसना सीखा है। | 1 |
| V. 14. | "हाँ है, मेरी माँ तक संदेश पहुँचा देना-तुम्हारे बेटे ने गोलियाँ सीने पर ही खायी हैं, पीठ पर नहीं।" | 2 |
| 15. | समाचार पत्र में देश-विदेश में घटनेवाली घटनाओं का विवरण रहता है। खेल-कूद, सिनेमा, मौसम, नौकरी संबंधी विज्ञापन, बाजार-भाव, कृषि-व्यापार संबंधी सूचनाएँ मिलती हैं। | 2 |
| 16. | चांगो ने चढ़ना सीखा है, बहुत सारे चक्कर खाकर सीखा है। | 2 |
| 17. | ಈ ಪವಾಡವನ್ನು ನೋಡಲು ಜನರು ದೂರ-ದೂರದಿಂದ ಬರಲಾರಂಬಿಸಿದರು. ಬಡ ಭೋಲು ಹೆದರಿ ಮರದ ಮೇಲೆ ಅಡಗಿಕೊಂಡನು. | 2 |
| VI. 18. | 'श्रवण पितृभक्ति' नाटक पढ़कर उन्होंने निश्चय किया कि मुझे भी श्रवणकुमार जैसा बनना चाहिए। 'हरिश्चंद्र' नाटक देखकर उन्होंने सोचा कि हर एक को हरिश्चंद्र की तरह संकट सहकर भी सच्चाई का पालन करना चाहिए। | 3 |
| 19. | इन पंक्तियों को 'बंदर बाँट' नामक कविता से ली गई है। चालाक बंदर ने दो बिल्लियों को रोटी के विषय पर लड़ते देखा तो वह अपने साथ तराजू लेकर वहाँ वह पहुँचा। बंदर पूरी रोटी को स्वंय ही खाना चाहता था। बंदर ने बिल्लियों से समझदारी की बातें करके उनसे रोटी लेकर तोड़ने लगा। पूरी रोटी स्वयं ही खा लिया। बिल्लियों को परस्पर बातचीत से समस्या का निवारण कर लेना चाहिए था। परंतु उन्होंने ऐसा न करके बंदर की बात मानकर अपना सब कुछ गवाया। | 3 |
| VII. 20. | एक रहें सद्भाव रखें हम।<br>देश-देश में मान रखें हम।।<br>हठ छोड़ें, संयम अपनाएँ।<br>मातृभूमि पर बलि-बलि जाएँ।। | 4 |
| VIII.21. | (क) एक दिन एक किसान मेले से अपने घर लौट रहा था। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) किसान ने मेले से एक  भैंस  खरीदी थी।<br>(ग) डाकू के हाथ में एक मोटा सा डंडा था।<br>(घ) किसान ने अपने सारे पैसे डाकू को दे दिये। | 4 |
| IX. 22. | व्यवहारिक पत्र :<br>*:प्रेषक का पता<br>* पत्र पाने वाले का पता<br>* विषय<br>* संबोधन<br>* पत्र का कलेवर<br>* समाप्ति<br><br>अथवा<br><br>पारिवारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता व दिनांक<br>* संबोधन एवं अभिवादन<br>* पत्र का कलेवर<br>* समाप्ति<br>* पत्र पाने वाले का पता | 5 |

विषय शिक्षक का हस्ताक्षर: मुख्य शिक्षक का हस्ताक्षर: